वर्ष-01, अंक-157
छपरा
सोमवार 8 अप्रैल 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## रोटरी क्लब देशरत्न ने किया दावत-ए-इफ्तार

**सिवान** शहर के रेनुआ स्थित फार्म हाउस में शनिवार की शाम रोटरी क्लब देशरत्न की ओर से दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें रोजेदारों के अलावा शहर के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इफ्तार का आयोजन रोटरी क्लब के सचिव डा. राजन मान सिंह की देखरेख में हुआ। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इफ्तार का आयोजन से आपसी सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। इफ्तार में शामिल होने वाले सभी लोगों पर अल्लाह की नेमतें बरसती हैं। पूर्व अध्यक्ष डा. अन्नू बाबू ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में कौमी एकता के संदेश का संचार होता है। इफ्तार में अध्यक्ष डा. नवल किशोर पांडेय, पूर्व सचिव डा. एमए अकबर, डा. सोहेल अब्बास ,डा. इमरान, अधिवक्ता राजीव रंजन राजू व क्लब के अन्य सदस्य सहित कई रोजेदार शिरकत किए।

## बसंतपुर में अतिक्रमण से लगता है जाम, लोग परेशान

**बसंतपुर (सिवान)** । प्रखंड मुख्यालय स्थित एनएच 227 ए पर अतिक्रमण के कारण हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है। सड़क जाम लगने के कारण खरीदारी करने आने वाले या दूर-दूराज जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाम में घंटों फंसी रहती है। बताया जाता है कि सड़क किनारे ठेला तथा खोमचा वाले सड़क किनारे दुकान लगा देते हैं, जाम लगना आम बात हो गई है। वहीं वाहन संचालक पर सड़क किनारे ही यात्रियों को वाहन में बैठाने या उतारने का काम करते हैं। इस कारण जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। दुकानदारों द्वारा सब्जी मार्केट में सड़क का अतिक्रमण कर लिया गया है इससे यहां सड़क संकीर्ण हो गई है। इस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि इस रास्ते से प्रशासन की गाड़ियां नहीं गुजरती। प्रशासन भी इसे देख नजरअंदाज कर देता है। जाम को लेकर आए दिन लोगों में विवाद भी हो जाता है।

## पलानी में आग लगने से हजारों की संपत्ति जलकर राख

**सिवान** । दरौली थाना क्षेत्र के भरटोलिया गांव में रविवार को सुरेंद्र राम की पलानी में आग लग गई। स्वजन व ग्रामीण अभी कुछ समझ पाते देखते ही आग तीन अन्य झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। इस अगलगी में एक बाइक, कपड़ा, अनाज, बर्तन, साइकिल, साउंड समेत अन्य सामान जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। पुलिस द्वारा घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। कुछ देर में अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाई। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## कैंडल मार्च निकाल मतदाताओं को किया गया जागरूक

**आंदर (सिवान)** लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कराने को लेकर बीडीओ कुणाल कुमार के नेतृत्व में शनिवार की शाम कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल प्रखंड मुख्यालय से आरंभ होकर आंदर बाजार, दाहा नदी पुल होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंच संपन्न हो गया। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी वीरेंद्र प्रसाद केसरी, सीडीपीओ उषा सिंह, शिक्षक विनोद सिंह, विजय कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, धर्मवीर सिंह, स्वच्छता परीक्षा का जितेश प्रकाश सिंह, एएनएम प्रीतम कुमार, मधुरेंद्र कुमार, आलोक श्रीवास्तव, बीपीएम विश्वकर्मा पटेल समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## जीविका दीदियों ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**बड़हरिया (सिवान)** ¬प्रखंड के लकड़ी कलस्टर में गठित श्रीविनायक जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ के माध्यम से क्षेत्रीय समन्वयक संतोष कुमार के नेतृत्व में रविवार को मतदाता जागरुकता महारैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान जीविका दीदियों को शपथ दिलाया गया कि हमलोग लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें।÷ महारैली का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र के महापर्व में जनसमुदाय को अपना मतदान करने के प्रति जागरूक करना तथा 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराना था। इस मौके पर

सामुदायिक समन्वयक विश्वंभर कुमार गुप्ता, जयप्रकाश सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह, विनायक जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ की अध्यक्ष मनीषा देवी, सचिव प्रियंका देवी, कोषाध्यक्ष ममता देवी, सीएफ सुमन कुमारी, एमबीके अमीना खातून, जेआरपी अनिल कुमार आदि जीविका दीदी उपस्थित थीं।

## नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ की तैयारी पूरी, कलश यात्रा कल

**गुठनी(सिवान)**। प्रखंड के मैरीटार स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गई है। यह जानकारी देते हुए यज्ञाचार्य पंडित विनय दुबे ने बताया कि नौ अप्रैल को कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा। उसी दिन शाम मंडप प्रवेश, 10 अप्रैल को मंडप पूजन एवं वेदी पूजन,11 अप्रैल को अरणी मंथन कर हवन किया जाएगा। मंदिर में स्थापित होनेवाली मां दुर्गा की प्रतिमा का संस्कार जैसे जलाधिवास, 12 अप्रैल को अन्नाधिवास, 13 अप्रैल को वस्त्राधिवास व पुष्पाधिवास, 14 अप्रैल को शय्याधिवास, धुपधिवास एवं फलाधिवास,15 अप्रैल को शिखरध्वज पूजन 16 अप्रैल को अचल प्राण प्रतिष्ठा, महाश्रृंगार एवं महाआरती तथा 17 अप्रैल को महायज्ञ की पूर्णाहुति व प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक दिन वृंदावन की प्रसिद्ध शिवराज महाराज की रामलीला व रासलीला तथा कथावाचक स्वामी प्रज्ञानंद महाराज द्वारा राम कथा का मंगल गायन किया जाएगा। इस मौके पर निअंकु राय, चंद्रप्रकाश दुबे, संदीप सिंह, विंध्याचल सिंह, शेषनाथ सिंह आदि उपस्थित थे।

# मोदी बोले- कांग्रेस को जम्मू-कश्मीर से 370 हटने का दुख

### कश्मीर की चर्चा उसे पसंद नहीं; केंद्रीय एजेंसियों पर टीएमसी हमले करवा रही

**कोलकाता,एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को बिहार के नवादा में रैली करने के बाद दोपहर 2¬30 बजे पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी पहुंचे। यहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। 30 मिनट की स्पीच में पीएम ने TMC, कांग्रेस और भ्रष्टाचारियों पर निशाना साधा।

मोदी ने खड़गे के कश्मीर को लेकर दिए बयान का भी जवाब दिया। मोदी ने कहा- कल (6 अप्रैल) कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मोदी दूसरे राज्यों में कश्मीर की बात क्यों करते हैं। उनके लिए कश्मीर कुछ नहीं है लेकिन 140 करोड़ भारतीयों के लिए कश्मीर मां भारती के मस्तक समान है।

इसके साथ ही पीएम ने ञ्रस्ष्ट को कानून और संविधान को कुचलने वाली पार्टी बताया। मोदी ने कहा- यहां जब केंद्र की जाचं एजेंसियां आती हैं तो टीएमसी उन पर हमले करती है और लोगों से करवाती है।



## बिहार में पीएम बोले-इंडी गठबंधन ने गारंटी को गुनाह बनाया

### नवादा में कहा- भारत को आंख दिखाने वाले आज आटे के लिए तरस रहे

**नवादा,एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बिहार के नवादा में जनसभा की। 30 मिनट की स्पीच में प्रधानमंत्री ने इंडी गठबंधन, राम मंदिर, टुकड़े-टुकड़े गैंग, जंगलराज और तीन तलाक जैसे मुद्दों पर बात की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन कहता है कि मोदी की गारंटी गैरकानूनी है, इसे बंद कराना चाहिए। उन्होंने गारंटी को गुनाह बना दिया है। उन्होंने कहा कि 370 और तीन तलाक खत्म करने की गारंटी दी थी। जो कहता हूं करता हूं। मोदी का तीन दिन में यह दूसरा दौरा है। नवादा की सभा में काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे थे।मोदी का तीन दिन में यह दूसरा दौरा है। नवादा की सभा में काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को आंख दिखाने वाले आज आटे के लिए तरस रहे हैं।

**लोकसभा चुनाव-2024**

## एनसीपी शरद गुट के नेता एकनाथ खडसे भाजपा जॉइन करेंगे; कांग्रेस ने बंगाल में 3 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** NCP शरद गुट के नेता एकनाथ खडसे भाजपा में शामिल होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि मेरी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की और पार्टी में शामिल होने की इच्छा जताई। मेरी कोशिश होगी कि 15 दिन के अंदर भाजपा जॉइन कर लूं। खडसे ने ये भी कहा कि मैं चंद्रपुर सभा के दौरान भाजपा में प्रवेश नहीं करूंगा। मैं दिल्ली में पार्टी में शामिल होऊंगा। किस दिन भाजपा में शामिल होंगे, इस सवाल पर खड़से ने कहा कि जिस दिन पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से तारीख मिलेगी, उस दिन शामिल हो जाऊंगा। खडसे के मुताबिक, पार्टी में कई वरिष्ठ नेताओं से चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि मुझे बीजेपी में रहना चाहिए। इससे पहले कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में तीन उम्मीदवारों का ऐलान किया। यहां बनगांव से प्रदीप बिस्वास, उलूबेरिया से अजहर मोलिक और घाटल से डॉ. पापिया चक्रवर्ती को उतारा है। कांग्रेस की ये 13वीं लिस्ट है। कांग्रेस अब तक 240 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है।



## तेजस्वी बोले-पीएम के छलावे में ना आएं:बगहा में कहा- मेरी मूंछ भी नहीं आई थी, तब से केस में फंसाने की चल रही साजिश

**पटना,एजेन्सी।** प्रधानमंत्री कहते थे चौकीदार हैं, लेकिन चौकीदार के रहते हुए, नीरव मोदी, विजय माल्या, ललित मोदी, आदि कई लोग बैंकों को लूट कर भारत का पैसा लेकर देश छोड़कर भाग गए तो नरेंद्र मोदी को वह लोग चोर नजर नहीं आते है। जो भाजपा के सामने लड़ेगा उसपर अपना ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स छोड़ देते हैं। डरो नहीं तो छापा मार देंगे, हम लोग डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब मेरा मूछ नहीं आया था, तब मुझे केस में फंसाने का काम किया गया। जब मैं विराट कोहली के साथ क्रिकेट खेलता था।



### नीतीश कुमार पर भी साधा निशाना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए तेजस्वी ने कहा कि हमारे चाचा तो पलट गए। चाचा जी बोलते थे मर जाएंगे मिट जाएंगे, लेकिन भाजपा में नहीं जाएंगे। मोदी जी ने कहा कि डीएनए खराब है। नीतीश कुमार जब महिला पर टिप्पणी किए थे तो मोदी जी ने कहा था- कितना गिरोगे।लौरिया में अमित शाह ने कहा था कि अब नीतीश के लिए दरवाजे बंद है। लेकिन सब भूल गए, उन्होंने कहा कि जमुई के सभा में नीतीश कुमार ने कहा कि हम तो ऋछ्ष्ठ के साथ झूठे में चले गए थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने आप को खुद ही झूठा बोल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने नौकरी रोजगार पलायन कारखाने आदि पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मोदी जी जब चंपारण के धरती पर आए थे तब मोतिहारी में कहा था कि अगली बार जब मैं आऊंगा तो इसी मिल के निकले चीनी से चाय पी लूंगा, लेकिन अब तक चीनी मिल नहीं खुली।

## चूल्हे से उड़ी चिंगारी से लगी आग, एक लाख की संपत्ति जलकर राख

**सिसवन(सिवान)**। प्रखंड क्षेत्र के डेरा राय के बंगरा गांव में रविवार को मंतोष शर्मा के घर में खाना बनाने के दौरान चूल्हे से उड़ी चिंगारी से आग लग गई। बाद में ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित मंतोष शर्मा ने बताया कि खाना बनाकर उनकी पत्नी बाहर चली गई थी, उसी समय चूल्हे की चिंगारी से अचानक आग लग गई। देखते देखते आग की लपट पूरे घर को आगोश में ले लिया। शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण एकत्रित हुए तथा आग पर काबू पाए। पीड़ित ने बताया गया कि इस अग्निकांड में घर में रखे अनाज, कपड़ा, फर्नीचर, बर्तन, कागजात के अलावा घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। इस अगलगी में करीब एक लाख से अधिक की संपत्ति की क्षति हुई है।



# रुडी का रोड शो, परसा बाजार से दरियापुर तक हुआ भव्य स्वागत






- मातृशक्ति के साथ आमजनों ने पगड़ी और गमछा से किया स्वागत
- रुडी ने कहा, पूरे देश ने मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनाने का संकल्प लिया है
- राज्य में जनमानस ने सभी 40 सीटों कमल खिलाने मन बनाया है

- जनता का 400 पार का संकल्प 4 जून को होगा पूरा
- जनता जानती है कि मोदी की गारंटी का मतलब 100 प्रतिशत काम पूरा होने का वादा
- जीस प्रकार देश भर में मोदी की गारंटी है उसी प्रकार सारण में रूडी की गारंटी है

**दैनिक खोज खबर/परसा/छपरा (सारण)।** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी ने रविवार को परसा के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य में नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग जिस तरह काम कर रही है उससे प्रभावित होकर पूरे प्रदेश के जन मानस ने 40 सीटो पर भाजपा उम्मीदवार जिताने का मन बनाया है। इस दौरान कई स्थानों पर स्थानीय जनता द्वारा रुडी का फूल माला के साथ भाजपा का गमछा देकर स्वागत किया गया। आम जनता के स्वागत से अभिभूत रुडी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि लगातार 10 वर्षों की सेवा का प्रतिफल है कि यहाँ आमजन ने हर कदम पर अपने आशीर्वाद से मुझे अभिभूत कर दिया। ईश्वर की कृपा के साथ लगातार तीसरी बार जनता का आशीर्वाद लेने क्षेत्र में आया हूँ।

इस बार फिर से पूरे देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनाने का संकल्प लिया है, जिसे वह 4 जून को पूरा करके दिखलाएगी।श्री रुडी ने कहा कि प्रधानमंत्री देशवासियों के लिए लोकोपयोगी योजनाओं की गारंटी दे रहे हैं उसी तरीके से प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में भी निवर्तमान सांसद या प्रत्याशी को अपनी गारंटी सुनिश्चित करनी चाहिए। यही कारण है कि जीस प्रकार देश भर में मोदी की गारंटी है उसी प्रकार सारण में रूडी की गारंटी है। इस अवसर पर अमनौर से भाजपा विधायक मंटू सिंह के साथ परसा विधानसभा क्षेत्र के परसा बाजार, सरैयां, माड़र बाजार, माड़र दरगाह के पास, बनकेरवा बाजार, परसौना नीचली रोड न्यू बाजार, परसौना पुरानी बाजार, बारवें बजरंग ढ़ाला, इदिलपुर हरिजन टोली, मनसा बाबा चौक तुर्की, कोन्हवा मोड़, सागर चौक दरिहारा, दरिहारा ठाकुर बाड़ी, दरिहारा भुआल, सरैया ढ़ाला, मनपुरा मिडिल स्कूल के पास, मनपुरा मिडिल स्कूल के पास, मनपुरा पासी टोला, दवेशा यादव टोला, टरवां कानू टोली ढ़ाला, टरवां मंगरपाल ढ़ाला, खुशहालपुर ढ़ाला, बरूआं मिडिल स्कूल के पास, बरूआं जगदंबा स्थान के साथ ही सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के अकिलपुर दुर्गा स्थान के पास, दरयिापुर नहर के पास जनसंपर्क में भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

रुडी ने महिलाओं और ग्रामीणों से सीधे बात की जहां प्रधानमंत्री आवास के से लेकर शौचालय और नल जल योजना के संबंध में जानकारी दी तो वहीं महिलाओं से गैस पाइपलाइन से लेकर ग्रामीण किसानों से उनके खाते में आ रही किसान सम्मान निधि योजना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि समाज का हर वर्ग मोदी की गारंटी पर भरोसा जताते हुए इसबार एनडीए की झोली में 400 से अधिक सीटें डालेगी।भाजपा प्रत्याशी रुडी के रोड शो सह जनसंपर्क अभियान में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ महिलाओं और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी रही। जनसंपर्क में रुडी के साथ अमनौर विधायक मंटू सिंह, सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह, रामानंद सिंह, अनिल सिंह, पवन सिंह, मंटू बाबा, सुमन्त बाबा, जितेंद्र गिरी, रौशन जी, प्रमोद सिंह, मनोज ठाकुर और किसान मोर्चा के अरविंद सिंह,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सभापति राय,जिलामंत्री अर्जुन सिंह,किसान मोर्चा अध्यक्ष संजय कुमार चौबे,वार्ड पार्षद जितेंद्र सिंह उर्फ भूलन,ललन सिंह,विकास सिंह,मनीष सिंह,बृजनंदन राय,मनीष यादव,विश्वनाथ साह,अविनाश सिंह,रौशन सिंह,मोनू सिंह के साथ सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## शोकसभा का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** गत दिनों सड़क हादसे में हुई चेतन परसा निवासी समाजसेवी राम नरेश राय की मौत के बाद उनके पैतृक आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।स्व.राम नरेश राय के तैलीय चित्र पर पूर्व मंत्री चंद्रिका राय,दरियापुर प्रमुख प्रतिनिधि राजन राय,भूषण राय,माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष विनोद कुमार,सच्चा राय,अर्जुन सिंह,विनोद सिंह,इंद्रभूषण सिंह,प्रो विमल प्रसाद,उप प्रमुख रघु राय,सरपंच संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार,सत्येंद्र राय,पूर्व मुखिया राम लगन साह,उमेश राय, सुग्गा सिंह,विनोद दास,शिव कुमार सिंह,सुरेश राय,ओम प्रकाश राय,मनीष कुमार,चंदन कुमार सहित दर्जनों गणमान्य लोगो ने पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।पूर्व मंत्री चंद्रिका राय ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक सच्चे दिल इंसान थे।वे हमेशा समाज में अच्छे लोगों को प्रोत्साहित करने का काम किया।अचानक चले जाने से अपूर्णिय क्षति हुई।

## रोहिणी आचार्या का दरियापुर में रोड शो, युवाओं में सेल्फी लेने की होड़

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** सारण लोकसभा सीट से महागठबंधन की प्रत्याशी रोहिणी आचार्या ने रविवार को दरियापुर में रोड शो किया व लोगों से जन समर्थन मांगा।परसा विधानसभा क्षेत्र के दरियापुर स्थित रेल कारखाना के समीप राजद कार्यालय पहुंचने के साथ ही राजद विधायक छोटेलाल राय के नेतृत्व में जुटे हजारों कार्यकर्ताओं ने सड़क पर दोनों तरफ जेसीबी में सवार होकर फूलों की बारिश की व भव्य स्वागत किया।वही दारोगा राय चौक पर मुखिया रामअयोध्या राय,जिलापार्षद सुमन राय,प्रमुख प्रतिनिधि राजन राय के नेतृत्व में स्वागत के उपरांत डॉ रोहिणी ने रोड शो और जनसंपर्क अभियान शुरू किया।समर्थकों का हुजूम ढोल- नगाड़ों को बजाते हुए राजद के राष्ट्रीय नेता लालू यादव,राबड़ी देवी,तेजस्वी के समर्थन में जमकर नारेबाजी भी की।रोड शो में गाड़ियों का काफिला के साथ घुड़दौड़ भी किया गया।स्थानीय पुलिस मुस्तैद थी और रोहिणी आचार्या गाड़ी से बाहर आकर लोगों का अभिवादन कर रहीं थी। रोड शो के दौरान कार्यकर्ताओं में खासकर युवा कार्यकता व महिला कार्यकर्ता एक सेल्फी लेने को बेताब दिखे।इस दौरान मुखिया रामअयोध्या राय,जिलापार्षद सुमन राय,पूर्व प्रमुख लालमोहन राय,कपिंद्र राय,अखिलेश राय,विधान कुमार, मिथलेश कुमार, हैप्पी कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शादी के महज 25 दिन बाद ही प्रेमी के साथ भाग रही नवविवाहिता को पति ने पकड़ा

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** शादी के महज 25 दिन बाद ही पति को चकमा देकर प्रेमी संग भाग रही नवविवाहिता को उसके पति ने तरैया बाजार पर दुकानदारों के सहयोग से पकड़ लिया। नवविवाहिता ने अपने ससुराल मशरक थाना क्षेत्र के बड़वाघाट से अपने पति दीपक कुमार सिंह के साथ शनिवार को अपने मायके जाने के लिए निकली हुई थी। तरैया बाजार में नवविवाहिता अपने पति से बोली कि आइब्रो बनवाना है। पार्लर में जा रही हूं, आप मिठाई लेकर आइए। इसी बीच नवविवाहिता अपने पति को चकमा देकर प्रेमी के साथ चारपहिया वाहन में सवार होकर भागने लगी। जब पति ने पत्नी को दूसरे की गाड़ी में बैठते देखा, तो जाकर कार की चाबी निकाल कर शोर मचाने लगा कि मेरी पत्नी को लेकर भाग रहा है। तब तक काफी संख्या में स्थानीय लोग जुट गये व पुलिस भी पहुंच गयी। नवविवाहिता, उसके पति व प्रेमी तीनों को लेकर थाने पहुंची। नवविवाहिता के पति ने बताया कि उसकी शादी तरैया थाना क्षेत्र के एक गांव में 11 मार्च, 2024 को हुई थी। शादी के बाद नवविवाहिता ने पति को बहला-फुसला कर मायके आने की जिद करने लगी, तो पति नवविवाहित पत्नी को लेकर चला था कि रास्ते से प्रेमी संग भागने की योजना बना ली थी। इधर, नवविवाहिता ने कहा कि हमारे विरोध के बाद भी परिवार व सगे-संबंधी वालों ने जबरन शादी कर दी। जबकि, वह अपने प्रेमी के साथ रहने को तैयार थी। इसके बाद भी जबरदस्ती होगी, तो सुसाइड कर लूंगी, लेकिन पति के साथ नहीं रहूंगी।

## अवतार नगर मे तीन ट्रैक्टर एवं एक ट्रक जब्त, चार चालक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** अवतार नगर थाना क्षेत्र के रामुटोला गाँव के सामने एनएच 19 पर खान निरिक्षक के नेतृत्व मे की गयी छापेमारी मे ओवरलोडेड तीन ट्रैक्टर एवं एक ट्रक को जब्त किया गया है साथ ही मौके से चार चालकों को भी गिरफ्तार किया गया है ।अवतार नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि खान निरिक्षक सचिन कुमार के नेतृत्व मे की गयी छापेमारी मे रामुटोला गाँव के सामने एनएच 19 से ओवरलोडेड तीन ट्रैक्टर एवं एक ट्रक को जब्त किया गया है साथ ही मौके से चारों वाहनो के चालकों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया जिसमे कुर्जी पटना के संतोष साह , नयाँगाँव के रौशन कुमार , स्थानीय थाना क्षेत्र के मथुरापुर निवासी नितेश कुमार एवं मुजफ्फरपुर के रंजीत कुमार शामिल है।

## स्वास्थ्य के प्रति महिलाओं को किया गया जागरूक, चमकी बुखार पर हुई विशेष चर्चा

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** स्वस्थ व्यक्ति से ही स्वस्थ समाज संभव है। स्वस्थ समाज ही एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। इसलिए लोगों का स्वस्थ्य रहना जरूरी है। यह तभी संभव है जब हम अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे। अपनी सभी प्रकार की प्रतिबद्धताओं के बावजूद लोगों को चाहिए कि वे अपने स्वास्थ्य के उचित देखभाल के लिए समय अवश्य निकालें। यूथ आर्गेनाइजेशन टू गिव असिस्टेंस (योगा ट्रस्ट) द्वारा सारण जिले के गरखा प्रखंड के रहमपुर गांव में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न स्वास्थ कार्यक्रमों तथा योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।बैठक के दौरान विशेष रूप से चमकी बुखार के बारे में विस्तृत जानकारी संस्था के तरफ से प्रमोद कुमार द्वारा दी गई की रात में बच्चो को खाली पेट नही सुलाना है, समय समय पर पानी पिलाते रहना है, तथा कोई दिक्कत होने पर 102 पर कॉल करना है।योगा ट्रस्ट के सचिव रितेश कुमार राय द्वारा बताया गया कि आजकल बहुत सारी बीमारी का इलाज जानकारी के अभाव में नही हो पाता है इसलिए किसी भी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के दौरान सबसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जाए तथा वह चिकित्सकों द्वारा मुफ्त में जांच कराए एवं सलाह ले।शुद्ध हवा और पानी आम अवाम का अधिकार है. इसके साथ-साथ भारतवर्ष के अंदर में जिन बीमारियों के प्रति और बिहार के अंदर जिम्मेदारी के प्रति हमें सचेत रहने की आवश्यकता है.उसमें इन्फेक्शन डिजीज में जो एक से दूसरे को संक्रमित करते हैं.जैसे ट्यूबरक्लोसिस बहुत महत्वपूर्ण है, हमारे क्षेत्र प्रदेश के लिए भी इस मौसम में जापानी इन्सेफेलाइटिस, एईएस से बचाव बहुत जरूरी है.जब बारिश का मौसम आता है, उस समय डेंगू से बचाव बहुत जरूरी होता है।

# एकमा में महाराजगंज लोकसभा स्तरीय एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित




**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** नगर पंचायत एकमा बाजार में स्थित ज्योति सेंट्रल हाईस्कूल के सभागार में रविवार को महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र स्तरीय एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता सारण जिला जदयू अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने किया। बैठक में निवर्तमान सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने पीएम नरेंद्र मोदी व खुद के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर मतदाताओं तक पहुंचाने व बूथ मजबूत करने का आह्वान किया।बैठक में निवर्तमान सांसद सह एनडीए प्रत्याशी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह धूमल, हथुआ के पूर्व विधायक व लोकसभा प्रभारी रामसेवक सिंह, भाजपा नेता अनूप लाल श्रीवास्तव, एकमा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी व लोजपा (रा) नेता कामेश्वर कुमार सिंह मुन्ना, वैद्यनाथ सिंह विकल, भाजपा के जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह, उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह, डॉ एस कुमार, रामाशंकर मिश्र शांडिल्य, प्रमोद सिग्रीवाल, जेपी यादव, लोजपा (रा) के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह, रौशन सिंह भवानी, राजबल सिंह कुशवाहा, जितेन्द्र सिंह, गौरव सिंह किशन, भाजपा के प्रदेश महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर, जादू के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह, महेश सिंह, राजेश्वर सिंह, भाजपा नेता अविनाश चंद्र उपाध्याय, मुकेश कुमार सिंह, बंटी ओझा, विभूति नारायण तिवारी, सुदामा तिवारी रामदयाल शर्मा, प्रदीप कुमार पप्पू , जितेन्द्र मिश्रा, वीरेंद्र पांडेय, चंद्रशेखर सिंह, टीका बाबा, प्रमोद सिंह, विवेक कुमार सिंह, बलवंत सिंह, राजन तिवारी, ब्रजेश कुमार रमन, चितरंजन सिंह, राणा प्रताप सिंह डब्ल्यू, कुमार क्रांति , शशि रंजन कुमाथ, अखिलेश्वर प्रसाद भोला आदि अन्य लोगों ने निवर्तमान सांसद सह महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को एकजुट होकर पांच लाख से अधिक मतों के लक्ष्य तक पहुंचाने का अपना संकल्प व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नेता अविनाश चन्द्र उपाध्याय ने किया।

# छपरा जयप्रकाश विश्वविद्यालय में दो दिवसीय सेमिनार का हुआ समापन

### सैकड़ो छात्र छात्राओं ने अपना अपना पेपर एवम पोस्टर प्रजेंट किया

### समापन के दिन दर्जनों छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अन्तराष्ट्रिय मनोविज्ञान सेमीनार में दूसरे दिन रविवार को मुख्य वक्ता के रूप में रिचा वर्मा प्राध्यापिका मिश्रा कालेज, मुजफ्फरपुर रहीं उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में बताया उन्होंने कि ब्रेन के सेल एक दूसरे से जुड़े होते हैं अगर किसी की बुद्धि विकसित होती है तो इसके जरिए ही होती है। मस्तिक एक ऐसा प्रोसेस है जो सेल्स पर काम करता है ये वो न्यूरॉन हैं जो एक को दूसरे से जोड़ते हैं। मस्तिष्क में इलेक्ट्रॉनिक चिप कैसे काम करते उन्होने बताया, हाइपरलुप ऑफ माइंड के बारे में बताया। प्रोड़ॉ पूनम सिंह विभाग अध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग ने कहा कि मनोविज्ञान में आज बदलते परिवेश के कारण निरंतर मानसिक तनाव और शायद चिंता बढ़ रही है आज गर्भवती महिला से लेकर वृद्धावस्था तक प्रत्येक व्यक्ति को किसी ने किसी तरह की मानसिक संघर्ष का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मनोविज्ञान विशेषज्ञ की भूमिका बढ़ जाती है और मनोविज्ञान के क्षेत्र में रोजगार के भी अवसर बढ़ रहे हैं । प्रोड़ॉ.आशा रानी ने कहा के आज के बदलते परिवेश में वैश्वीकरण एवं प्रौद्योगिकीकरण के उन्नति एवं कृत्रिम बुद्धि की वजह से विभिन्न प्रकार की मनोवैज्ञानिक चुनौतियां सामने आ रही हैं और इन चुनौतियों को कैसे अवसर में बदल जाए इसी विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में सभी आगत अतिथियों का उन्होंने स्वागत किया,आयोजित होने वाले इस अन्तराष्ट्रिय सेमिनार से देश सहित विदेश के मनोवैज्ञानिक भाग ले रहे है। जिसके बाद देश विदेश से आने मनोविज्ञान के विद्वान वक्ताओं ने अपना अपना व्यख्यान दिया। सभी आगन्तुक विद्वानों ने अपने अपने विचार और व्याख्यान को प्रस्तुत किए। आईपीए प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल अवार्ड 2024 से एडवाइजरी कमिटी के सदस्यों डॉ. अनुपम कुमार सिंह प्राध्यापक, डॉक्टर कुमारी नीतू सिंह प्राध्यापिका , गौरव कुमार पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटीको समान्नित किया गया।इस दौरान जयप्रकाश विश्वविद्यालय सहित सभी संबंधित महाविद्यालय के शिक्षक में प्रोज़ागो चौधरी,डॉ प्रमोद कुमार ,डॉ.दिनेश बल्लभ, डॉ विवेक तिवारी, डॉहरिकेश यादव,प्रोफेसर और छात्र उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम में प्रोतारणी जी, आईपीएअध्यक्ष, प्रोरामध्यान राय, उपस्थित रहे। दूसरे दिन भी सभी विद्वान वक्ता और मनोवैज्ञानिक अपने अपने रिसर्च पर छात्रों और रिसर्च स्कॉलर को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में जयप्रकाश विश्विद्यालय सहित देश के अन्य विश्विद्यालय से भी छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बोले, सशक्त राष्ट्र के लिए स्वस्थ छात्र चाहिए : डॉ. विद्यार्थी

**दैनिक खोज खबर/भागलपुर।** स्वस्थ छात्र से ही सशक्त राष्ट्र संभव है इसलिए छात्र को स्वस्थ रखने की आवश्यकता है उक्त बातें विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मैटी अल्टरनेटिव मेडिकल कौंसिल दिल्ली के सौजन्य से शिव प्राण मैटी मिशन ऑफ इण्डिया के द्वारा भागलपुर जिलान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय बी एम सी मकतब नारायणपुर के प्रांगण में आयोजित 'स्वस्थ छात्र , सशक्त राष्ट्र' विषयक कार्यशाला में बोलते हुए मिशन सचिव इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ सुभाष कुमार विद्यार्थी नें कहा. इन्होंने बच्चों को कहा जब आपकी तबियत ठीक रहेगी तभी आप विद्यालय में पढ़ सकेंगे इसके लिए सूर्योदय के पहले रोज उठकर शौच जाना, मुँह एवं दाँत की अच्छी तरह से सफाई करना तथा स्नान करना चाहिए.




चंद्रशेखर यादव ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए साफ सफाई का पूरा ध्यान रखना होगा.गर्मी के मौसम में ज्यादा पानी पीना चाहिए एवं साफ कपड़े पहनना चाहिए.शिक्षक रजनीश नें बताया कि शौच के बाद एवं खाने के पहले हाथ की सफाई अच्छी तरह से करनी चाहिए.कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक मो कुतुबुद्दीन एवं संचालन मो रिजवान अली नें किया.इस अवसर पर शिक्षक मो कैयुम अंसारी, शबनम आरा, आबदा खातुन, मो आलम, शबाना खातुन, मिथुन कुमार दास, मो जसीम आलम सहित विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित थे।




## इफ्तार पार्टी में अमन व शांति के लिए रोजेदारों ने मांगी दुआ

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के माड़र बाजार स्थित दरगाह के समीप सरपंच आदम अली के आवास पर इफ्तार का पार्टी का आयोजन किया गया।जिसमे बच्चे बुर्जुग व नौजवान समेत सैकड़ो की संख्या में रोजेदारों ने हिसा लिया।जिसमे सैकड़ो रोजादारो ने एक साथ मिलकर इफ्तार किया।सभी रोजादारो ने मिलकर देश में अमन शान्ति व आपसी भाईचारा बने रहे एवं देश में सभी वर्गो को एक साथ मिलजुल कर रहने एक दूसरे के सुख दुःख में शामिल रहने के लिए दुआए किये गए।सरपंच आदम अली ने कहा कि माह ए रमजान एकता व भाईचारगी की सीख देता है।हमें मिल जुलकर त्योहार मनाना चाहिए और हर धर्म का सम्मान करना चाहिए।हाजिर जाफर साहेब ने कहा कि इफ्तार से आपसी मोहब्बत और भाईचारा का माहौल बनता है। इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए।मौके पर सरपंच आदम अली,मंसूर आलम,मोहम्मद हुसैन, महमूद आलम,अकबर अली,प्रो विमल प्रसाद,पूर्व मुखिया राजेंद्र राय, अवकाश प्राप्त शिक्षक महेश राय,डॉ मोहम्मद खुशबुदिन,एहसानुल हक,नासिमुअल,कौशर अली आदि ने शामिल हो कर आपसी भाई चारे का मिशाल पेस किये।

# राजद प्रत्याशी रोहणी आचार्या की रोड शो में उमड़ी भीड़

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखण्ड मुख्यालय के समीप राजद कार्यालय के समक्ष स्थानीय विधायक छोटे लाल राय अपने प्रत्याशी का भव्य स्वागत किया वही परीक्षण चौक पर प्रखण्ड कंग्रेस अध्यक्ष तरुण तिवारी ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं सहित माल्यार्पण किया गया। डॉ रोहणी आचार्य ने सभी लोगों का गाड़ी से ही हाथ हिलाकर अभिवादन करते हुए रोड शो के मैप के अनुसार आगे बेला, महम्मदपुर, ठिका, ककरहट, डेरनी,सुतिहार तथा बेदवलिया सहित दर्जनों गांव में रोड शो किया इसी क्रम में दुर्बेला गांव पहुंची तो पूर्व प्रमुख स्व हजारी प्रसाद राय के आवास पर पहुंच कर उनके परिवार सहित गांव की महिलाओं से बातचीत कर राजद के पक्ष में वोट करने की अपील की। वही कार्यकर्ताओ के उत्साह को देखते हुए कहा कि परसा विधान सभा क्षेत्र में पार्टी के बहुत से कार्यकर्ता है। वह पूरे जिले में राजद की परचम फहराने में अपनी ताकत झोंक दे, क्योंकि आज देश खतरे में है। इस अवसर पर कमलेश राय, नवीन राय, दिलीप राय, राम अयोध्या राय, सुनील सिंह,मुन्ना ठाकुर, उपेन्द्र राय, सुरेन्द्र प्रसाद महिला प्रकोष्ट के महासचिव सन्ध्या राय सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



# अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा के बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर छपरा।** रविवार को सारण जिला कानू महासभा, छपरा के तत्वाधान में डी एन गार्डन विवाह भवन,छपरा में अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा के बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई।बैठक में बिहार प्रदेश के सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, प्रमुख पदाधिकारी गण की उपस्थिति हुई,साथ ही महिला शक्ति के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत श्रीमती अनीता गुप्ता आकाशवाणी के उद्घोषक समेत अन्य महिला मंडल की उपस्थिति भी सराहनीय रही। बैठक की अध्यक्षता बिहार प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर सुरेश प्रसाद साह एव संचालन महामंत्री रूपेश कुमार साह ने किया।बैठक में संगठन को प्रत्येक जिले में मजबूती से कार्य करने का संकल्प लिया गया ,संगठन को सक्रिय कर कानू हलवाई समाज के हक और सम्मान की लड़ाई तेज किया जायेगा। प्रदेश महामंत्री रूपेश कुमार ने राजनीतिक चेतना के लिए कार्यकारिणी के पदाधिकारी के कार्यों को सराहनीय बताया. सभी जिलों में संगठन बनाकर सभी प्रखंडों में भी उसी तर्ज पर संगठन बनाएंगे। रामानंद गुप्ता ने कहा कि इसके बावजूद कानू हलवाई समाज की जनसंख्या लगभग 37 लाख है। अति पिछड़े वर्ग एवम वैश्य समाज में सबसे बड़ी आबादी है। कितना आश्चर्य की बात है कि कानू समाज इतनी बड़ी आबादी वाले इस जाति को आज तक लोकसभा और राज्यसभा का मुंह नहीं देख पाए हैं। कानू समाज की बहुत उपेक्षा हो रही है। अब और बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।महिला शक्ति को संगठित करने के लिए श्रीमती अनीता गुप्ता को महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्षता श्रीमती कमला साहू को सचिव तथा उषा गुप्ता को कोषाध्यक्ष के रूप में नेहा गुप्ता को मनोनीत किया गया।बैठक में मुख्य रूप से




रामानंद गुप्ता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र साह मुखिया ,जिला महासचिव धर्मेंद्र कुमार साह, नागेंद्र शाह मुखिया, सुरेश शाह मुखिया, मुकेश शाह मुखिया, अशोक शाह मुखिया,छपरा नगर सचिव कन्हैया कुमार, अध्यक्ष ललन प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री संतोष कुमार विद्यासागर विद्यार्थी शिक्षक,अरुण कुमार संयोजक, जयचंद प्रसाद,डॉक्टर हरिओम प्रसाद , डॉक्टर लव कुमार ,सुनील कुमार,राजेश कुमार डॉक्टर पीसी गुप्ता ,शशांक कुमार गुप्ता,ब्रिज बिहारी प्रसाद, रवि कुमार ,संजीत कुमार , लक्ष्मण प्रसाद ,श्री धर्मनाथ प्रसाद ,मुन्ना कुमार, ललन जी, निर्भय कुमार अधिवक्ता, विजय कुमार, त्रिजुगीनाथ गुप्ता,सुबोध कुमार, मदन शाह ,अशोक कुमार ,गुंजन कुमार, किशन कुमार, राजू शाह, राजकुमारशाह एवं बड़ी संख्या में विभिन्न प्रखंडों के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।धन्यवाद ज्ञापन वीरेंद्र शाह मुखिया ने किया।



# शिक्षक अपने स्वाभिमान व अभिमान को न बेचें: ब्रजेन्द्र सिन्हा

**दैनिकखोजखबर/भेल्दी(सारण)।** आज शिक्षक अपने स्वाभिमान व अभिमान को बेंच चुके हैं।सभी पेशनर डटना व लड़ना सीखिए।शिक्षक सबसे पहले अपने मनोवृत्ति को बदलें। उक्त बातें बिहार पेंशनर समाज सारण के सभापति ब्रजेन्द्र कुमार सिन्हा ने अमनौर प्रखण्ड के मदारपुर में पेंशनर समाज भेल्दी अमनौर शाखा के सभापति सोहन पंडित के आवास पर आहुत बैठक को संबोधित करते हुए कहीं।उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई बैंकर्स,पदाधिकारियों व बाबुओं से होती है।आज काम करने के सारे सिस्टम टूट चुके हैं।उन्होनें अधिक से अधिक मेम्बर बनाने पर जोर दिया।पेंशनर समाज के जिला सचिव हरिशंकर प्रसाद ने कहा कि आप सभी उत्सुक व जागरुक होकर अधिक से अधिक मेम्बर बनाए साथ ही साथ संगठन को मजबूत बनाएं। बैठक को मुख्य रूप से पेंशनर समाज भेल्दी अमनौर के अध्यक्ष सोहन पंडित,सचिव गणेश ठाकुर,धर्मनाथ सिंह,अम्बिका राय,रामप्रवेश पंडित,अजय कुमार,बबन सिंह,रामविनोद शर्मा,रामजन्म सिंह,शशिभूषण सिंह,रामसिगाशन राय,तिलेश्वर सिंह,चन्द्रभूषण मिश्र,नागेश्वर प्रसाद सिंह,हरिशंकर प्रसाद,रामचन्द्र सिंह,रामबचन सिंह,चन्द्रशेखर पाण्डेय आदि ने संबोधित किया।अध्यक्षता ब्रजेन्द्र सिन्हा व मंच संचालन अम्बिका राय ने किया।




# सबलपुर नवल टोला दुर्गा मंदिर के प्रांगण से अखंड अष्टयाम यज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** हरिहर क्षेत्र सोनपुर के पवित्र भूमि सबलपुर उत्तरी पंचायत बांध पर नवल टोला दुर्गा मंदिर के प्रांगण से अखंड अष्टयाम यज्ञ प्रारंभ होने से पहले कलश शोभायात्रा निकाली गई। बाजे ,गाजे, घोड़ा के साथ 251 कुमारी कन्याओं एवं माताएं, बहनों ने अपने-अपने सर पर कलश लेकर यज्ञ स्थल से गाजे बाजे के साथ चलकर नवल टोला महारानी स्थान, नया बाजार, हरिजन टोली, चाईटोली होते हुए पछियारी टोला के कुमार घाट पर पहुँच कर गंगा माई की पूजा अर्चना आचार्य प्रिंस कुमार पाठक एवं पुरोहित सरोज मिश्रा के वैदिक मंत्रो उच्चारण द्वारा विधि विधान के साथ पूजा कर जल भरी रविवार को कराया गया । जल भरी कर पुनः यज्ञ स्थल पर कलश स्थापित किया गया। कलश यात्रा मे शामिल सभी श्रद्धालुओं को यज्ञ स्थल पर ही नींबू शरबत पिलाया गया ।कलश यात्रा में सबलपुर चारों पंचायत के श्रद्धालु भक्त बड़े ही श्रद्धा के साथ भाग लिए। सबलपुर के चारों पंचायत भक्तिमय बना हुआ है कलश यात्रा में मुख्य रूप से विनोद राय, समाजसेवी लाल बाबू पटेल, भरत राय साहित सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# स्काउट गाइड के द्वितीय सोपान परीक्षण शिविर का हुआ समापन



**दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण के निर्देश पर छः दिवसीय द्वितीय सोपान परीक्षण शिविर का आयोजन संत जलेश्वर एकेडमी बड़ा लौवा में किया गया जिसमे विद्यालय के स्काउट और गाइड शिविर में भाग लेकर प्राथमिक चिकित्सा,गाँठ विद्या, ध्वज शिष्टाचार, कंपास,ड्रिल, सफाई, व्यायाम, सिटी संकेत, खेल व ताली आदि का प्रशिक्षण प्राप्त किया ऋसर्वधर्म प्रार्थना सभा और द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में विधालय के प्राचार्या अनुपमा मिश्रा ने कहा कि आज के परिवेश में बच्चों मे स्काउटिंग गाइडिंग की शिक्षा बहुत ही जरूरी है स्काउटिंग शिक्षा बच्चों को स्वावलंबन व अनुशासन के साथ साथ देश प्रेम की भावना का विकास करता है ऋवही शिविर प्रधान अरुण परासर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड के बच्चों में शारीरिक, मानसिक, और नैतिक विकास होता है।इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका चुन्नी कुमारी, हरेराम,जिला संगठन आयुक्त स्काउट अमन राज,गाइड रितिका सिंह,प्रशिक्षक प्रणव,चंदन और विद्यालय के शिक्षकगण मौजूद थे ।



# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में उमड़ी महिला श्रद्धालुओं की भीड़

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** अमनौर के तकेया सूर्यमन्दिर के प्रांगण में श्रीकृष्ण प्रणामी धर्म श्री निजानन्द सम्प्रदाय के संत गोविन्द जी महाराज के द्वारा भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्णजन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सन्त गोविन्द जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के तीन स्वरूपो का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण अवतार ही पूर्ण अवतार है। क्षर और अक्षर से परे उत्तम पुरुष अक्षरातीत श्रीकृष्ण ही हैं इसके अलावा जितने अवतार हुये वो सभी बैकुंठ नाथ विष्णुजी के अंश अवतार हुए.इस अवतार में परब्रह्म परमात्मा श्री कृष्ण ने अपने सभी प्रेमियों की इच्छाओं को पूर्ण किया और साथ ही अपने भक्तों के लिये ऐसी लीला प्रकट करी जिसे भक्त पुरुष आज भी उस लीला का गायन कर मुक्ति को प्राप्त कर लेते हैं इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप की झांकी प्रस्तुत की गई तथा भगवान श्रीकृष्ण जी के बाल लीला भजनों पर उपस्तिथ हजारो भक्तो की भीड़ ने खूब देर रात तक झूमते रहे । जिन भक्तो को अपने निजस्वरूप का बोध करना हो उन्हें परमात्मा श्री कृष्ण जी के लीला धाम स्वरूप को जान कर उन्ही में अपने मन को स्थिर करना होगा क्योंकि सभी आत्माओ के स्वामी श्री कृष्ण ही है राजा परीक्षित ने सात दिनों में श्री शुकदेव जी महाराज से श्रीकृष्ण लीलामय भागवत कथा का श्रवण कर अपने निंज आत्मस्वरूप में स्तिथ होकर अपने पंचभौतिक शरीर का परित्याग कर दिया ।और श्रीकृष्ण में लीन हो गए इसलिये इस घोर कलिकाल में भागवत कथा से श्रेष्ठ कुछ भी नही है इसी कथा के द्वारा श्री कृष्ण की अनन्य भक्ति प्राप्त होती है ।इस अवसर पर समिति अध्यक्ष पूर्व मुखिया रमेश कुमार यादव सचिव भरत सिंह कार्यक्रम संयोजक मुंद्रिका प्रसाद यादव ,जीतलाल राय मुख्य यजमान समाजिक कार्यकर्ता राधा देवी ने भगवान श्रीकृष्ण का आरती उतार कर पूजन किया ।

# सोनपुर रेलवे ढाला नम्बर 1 के ट्रक चालक ने तोड़ा बूम, हुआ फरार

**सोनपुर।** सोनपुर-परमानंदपुर रेल खंड गोला बाजार स्थित गेट नंबर 1 स्पेशल के दक्षिणी बूम को एक ट्रक चालक द्वारा धक्का मार कर तोड़ कर फरार हो गया है। इस बात की जनकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर रूपेश कुमार ने यह भी बताता कि रेलवे फाटक संख्या 1 पर कार्यरत गेटमैन उमेश प्रसाद राय ने गाड़ी संख्या 05247, छपरा पैसेंजर को पास करने के आदेश पर उक्त गेट को हूटर बजाते हुए शनिवार को गिरा रहा था । इस दौरान एक ट्रक रजिस्ट्रेशन संख्या यूपी 83क 9181 दक्षिण दिशा से उत्तर दिशा की ओर लापरवाही व तेजी से जाकर, गिरते हुए दक्षिणी बूम में धक्का मार दिया जिससे दक्षिणी बूम टेढ़ा होकर टूट गया गेटमैन द्वारा ट्रक चालक को पकड़ने के लिए उसके तरफ बढ़ा लेकिन तेजी से ट्रक चालक ट्रक को पीछे करते हुए वहां से भागने लगा उसी क्रम में उक्त गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर ठ्य 83क 9181 को नोट किया गया , ट्रैक चालक मौके का फायदा उठाते हुए फरार हो गया, घटना के संबंध में सर्व संबंधित को सूचना दिया गया । घटना के जनकारी मिलते ही उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार तथा राजमोहन कुमार वरीय अनुभाग अभियंता संकेत सोनपुर द्वारा निरीक्षण के दौरान बताया कि टूटे बूम रेल की अनुमानित 10000 की क्षति आंकी गई ।टूटे हुए बूम के स्थान पर नया बूम लगाकर गेट को कार्यरत किया गया। प्राप्त शिकायत पत्र के आधार पर रेल सुरक्षा पोस्ट सोनपुर ने रेल अधिनियम विरुद्ध ट्रक संख्या ठ्य 83क 9181 वा अज्ञात फरार चालक के पंजीकृत किया गया ।

# ट्रेन से गिरकर एक युवक हुआ घायल

## घायल युवक गोपालगंज के बरौली थाना के कल्याणपुर गांव के रहने वाला है रंजीत कुमार

**सोनपुर।** सोनपुर-परमानंदपुर रेल खंड के गोला बाजार स्थित रेलवे ढाला एक के पास गाड़ी संख्या 150 28 से गिरकर एक युवक बुरी तरह से घायल रविवार को हो गया । घटना की जानकारी उपस्थित लोगों ने आरपीएफ एवं जीआरपी को दी। घटना के जनकारी मिलते ही जहां दोनों दल के कर्मियों ने पहुंचकर घायल युवक को रेलवे अस्पताल सोनपुर में भर्ती कराया गया । घायल युवक के दोनों पैर के पंजा व दाहिने हाथ के अंगुली कुचला हुआ था । जहां बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर ने पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया । इस बात की जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर रूपेश कुमार ने बताया कि रेलवे ढाला नंबर 1 सोनपुर के पास ट्रेन से गिरकर एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया जहां घायल युवक की पहचान रंजीत कुमार राम उम्र 19 वर्ष पिता मनोज राम घर कल्याणपुर थाना बरौली जिला गोपालगंज के निवासी है। यात्री के पॉकेट से बरामद टिकट में सिवान से दिघवारा तक का टिकट प्राप्त हुआ ।जहां घायल को इस घटना की जानकारी उसके परिजनों को दे दी गई।

# चमकी बुखार को लेकर सतर्क हुआ सीएचसी मशरक, लक्षण दिखे तो कराए इलाज

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चमकी बुखार और लोकसभा चुनाव को लेकर अलर्ट मोड में काम करना शुरू कर दिया है। मामले में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ प्रतिवेदित मरीजों की संख्या में वृद्धि होना शुरू हो जाता है। इसी को ध्यान में रखकर अभी से तैयारियां प्रारंभ की जा रही हैं। ताकि चमकी बुखार के लक्षणों, क्या करना है, क्या नहीं करना है। इसके बारे में लोगों को जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि मस्तक ज्वर



या चमकी यह एक गंभीर बीमारी है। इस बीमारी से अधिकांश तौर पर एक वर्ष से लेकर 15 वर्ष तक के बच्चे अधिक प्रभावित होते हैं। ऐसे में इस बीमारी से बचाव की दिशा में अभी से सतर्कता जरूरी है। इसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में तैयारी की जा रही है वहीं उन्होंने बताया कि सारण सिविल सर्जन के नेतृत्व बैठक में मिलें आदेश के आलोक में लोकसभा चुनाव को लेकर भी इमरजेंसी की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि चमकी बुखार के लक्षण दिखें तो आशा कार्यकर्ता की मदद से निकटतम सरकारी अस्पताल में भर्ती कराए। जिसके लिए सरकारी स्तर पर एम्बुलेंस समेत अन्य इलाज की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध है।



**इफ्तार पार्टी में शामिल हुए सैकड़ों रोजेदार, मांगी देश में अमन की दुआ**

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के बहरौली पंचायत के बहरौली गांव में प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह के आवासीय परिसर में दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह ने आगत रोजेदारों का स्वागत किया। मौके पर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह, शिक्षक सैयद अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, कुर्बान अंसारी, रोजादृदीन अंसारी, अफजल अंसारी, मेराज अंसारी, सेराज अहमद, सुशील शर्मा समेत अन्य मौजूद रहें। इस इफ्तार पार्टी में रोजेदारों के साथ क्षेत्र के गणमान्यों ने शामिल होकर इफ्तार पार्टी को गंगा जमुनी संस्कृति की मिसाल पेश की। सभी धर्मावलंबी इस इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान देश में सुख-शांति और आपसी भाईचारे की दुआएं मांगी गयीं।

# एकमा के स्वयम प्रकाश ने एक साथ तीन बैंको में पीओ के पद पर चयनित होकर सारण का मान बढ़ाया

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** सारण जिले के एकमा प्रखण्ड अंतर्गत अतरसन गाँव निवासी स्व जितेन्द्र सिंह के पौत्र तथा जयंत सिंह एवम सुनीता सिंह के पुत्र स्वयम प्रकाश ने वर्ष 2023-24 की सम्पन्न बैंकिंग परीक्षा में तीन अलग अलग बैंकों में पीओ के पद पर साथ साथ चयनित होकर एक तरफ जहाँ जिले का नाम रौशन किया है वहीं दूसरी तरफ प्रतियोगी छात्रों के लिए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। बताते चलें कि स्वयम प्रकाश ने महज 20 दिन पहले ही दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के पद पर बक्सर में ज्वाइन किया है। इसी बीच दो अन्य बैंकों में पीओ के पद पर मिली सफलता ने उनका काफी उत्साह वर्धन किया है। बचपन से ही पठन-पाठन के क्षेत्र में मेधावी रहे स्वयम



प्रकाश ने एक वर्ष के भीतर सम्पन्न बैंकिंग परीक्षा मेः क्रमशः एसबीआई ,केनरा बैंक तथा दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक में पीओ के पद पर सफलता हासिल करके नई पीढ़ी के लिए एक मिशाल स्थापित कर दी है। स्वयम प्रकाश को एक साथ मिली तीन सफलताओं से गाँव हीं नही पूरे प्रखण्ड क्षेत्र के लोग खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं तथा इस उत्कृष्ट सफलता पर नाते रिश्तेदारों एवम शुभचिंतकों द्वारा छात्र स्वयम प्रकाश के सम्मान में बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

# भेल्दी में दो बाइकों की टक्कर में तीन युवकों की मौत, तीन गंभीर हालत में रेफर

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** रविवार की देर शाम को छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर राजा चौक के समीप दो बाइकों की टक्कर में जहां तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं तीन गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतकों में भेल्दी थाने के रज्जूपुर गांव के प्रमोद राय का पुत्र धीरज कुमार( 18 ) तरैया थाने के आकुचक गांव का आकाश कुमार व एक अन्य शामिल है।वहीं घायलों में रज्जूपुर गांव के वीरेन्द्र साह उर्फ रूखी का पुत्र रौशन कुमार व कृष्णा राय का पुत्र बाबू साहेब शामिल हैं।तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार गड़खा सीएचसी में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार दो बाइकों पर तीन-तीन युवक सवार होकर गड़खा व भेल्दी की ओर जा रहे थे।दोनों बाइक जैसे ही राजा चौक के समीप पहुंची कि दोनों के बीच सीधी टक्कर हो गई।इस घटना में एक की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि दो की मौत गड़खा सीएचसी में हो गई।घटना के बाद आक्रोशितो ने छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 को जाम कर दिया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आक्रोशितो को समझाने का प्रयास कर रही है।समाचार प्रेषण तक जाम खत्म नहीं हो सका है।घटना के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# सुतल सैंया के जगावे हो रामा तोरी मीठी बोलिया.

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** थाना क्षेत्र के अतरसन उच्चतर विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह में ख्याल गायन ,चैती ,भावनृत्य आदि की प्रस्तुति ने जमकर समां बांधा।संगीत शिक्षिका काजल कुमारी द्वारा प्रस्तुत राग खमाज में छोटा ख्याल की वंदिश वंदौ प्रथम शारदा माता के साथ आलाप व तराना ने उपस्थित शिक्षक दर्शक भाव विभोर हो उठे।लोकगायक रामेश्वर गोप का राम जी के भइले जनमवा हो रामा,तोरी मीठी बोलिया कोयली.चैती गीत ,सोनम मिश्रा का भावनृत्य ,छात्रा रूबी यादव का भक्ति गीत ,संतोष शरण का गजल भजन, बाल कलाकार आदित्य राज व संगीत शिक्षक निपुण झा के तबलावादन की कला घंटों शिक्षक समुदाय ने मनोरंजन किया।मौके पर सेवानिवृत शिक्षक ओम प्रकाश राम और आदेशपाल हरि नारायण सिंह को सम्मानित कर विदाई दी गई।प्रधानाचार्य रमेश प्रसाद की अध्यक्षता और वरिष्ठ शिक्षक डॉ संतोष कुमार साह के नेतृत्व में आयोजित समारोह का संचालन सुनिल कुमार राम ने किया।मुखिया प्रतिनिधि व राजद नेता अनिल चौधरी, समाजसेवी उमेशचंद्र सिंह, प्रधानाध्यापक सतीश कुमार, योगियां हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक लालबाबू यादव के अलावे विद्यालय परिवार के शिक्षक ऋषिकेश प्रसाद, माााला कुमारी , आर के सिंह ,कुमकुम, नरेंद्र यादव , अंकित , सुशील, संतोष कुमार पांडेय, भरत , अमित , अभिषेक, अर्पणा ,रूबी ,अर्चना उपस्थित थे।

# जेपी सेतु चेक पोस्ट पर 2 लाख 32 हजार रुपये को पुलिस ने किया जब्त

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए प्रशासन चाक चौबंद व्यवस्था में जुट गई है । सारण एसपी डॉक्टर गौरव मंगल के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान तेज कर दी गई है। इसी क्रम में पहलेजा पुलिस ने जेपी सेतु के चेक पोस्ट पर नगर कार्यपालक पदाधिकारी मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात एवं पहलेजा अपर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ,एसआई अजीत कुमार सिंह ने वाहन वाहन चेकिंग के दौरान दो चक्के एवं चार चक्के की वाहनों की गहन जांच पड़ताल की । जांच पड़ताल के दौरान रविवार को पटना से छपरा की ओर जा रही एक बोलेरो से 2 लाख 35000 हजार की जप्त कर ली गई ।इस बात की जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान जेपी सेतु चेक पोस्ट पर पटना से छपरा की ओर जा रही बोलेरो में जांच पड़ताल में 235000 लेकर जा रहे जैकी कुमार सिंह पिता अनिल सिंह घर लक्ष्मीपुर काकड़िया थाना दिघवारा जिला सारण के पास से जप्त किया गया है । पूछताछ में उसने एक भी कागजात पैसे लेंन देंन का नहीं दिखाई और उसने यह बताया कि आरटीओ रजिस्ट्रेशन के लिए छपरा जा रहे थे । पैसा संबंध कोई भी सबूत नहीं दिखाने पर 2 लाख 35000 हजार को जप्त कर लिया गया है। बता दे की लोकसभा चुनाव में आचार संहिता लागू किया गया है जिसमें किसी भी व्यक्ति को एक स्थान से दूसरे स्थान तक रुपये ज्यादा राशि ले जाने व ले आने के लिए लेनदेन की पूरा ब्यौरा रखना अनिवार्य है ।अगर ऐसे नहीं करते पाएंगे तो उनके ऊपर करवाई किया जायेगा । क्योंकि चुनाव में धन ,बाल का प्रयोग होता है। इसके लेकर चुनाव आयोग ने सख्त निर्देश दिया है कि चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण रूप से शत प्रतिशत लागू किया जाए।

# मुबारकपुर गांव से उत्तर बधार में लगी आग, दस एकड़ में गेंहू की फसल जलकर राख

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव से उत्तर बधार में रविवार को बिजली की शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी आग से लगभग दस एकड़ से अधिक की गेंहूँ की फसल जलकर राख हो गई। रविवार को दिन के लगभग ग्यारह बजे से रुक रुक कर लगी आग में कई बगीचों में लगाए गए पेड़ व झुरमुट आदि भी झुलस गए। गाँव के सैकड़ों लोगों के साथ साथ बिजली विभाग के कर्मचारी भी आग पर काबू पाने के प्रयास में लगे रहे। हालांकि बाद में आग के विकराल रूप धारण करने के बाद ग्रामीणों द्वारा फायर ब्रिगेड की दो दमकल गाड़ियों को बुलाया गया तब जाकर लगभग पाँच घण्टे बाद आग पर काबू पाया जा सका। रविवार को घटी आगलगी की उक्त घटना में मुबारकपुर पँचायत के पूर्व सरपंच विश्वनाथ सिंह,मंटू सिंह,टुनटुन यादव,चुनचुन सिंह,ईश्वर सिंह,राजा यादव,बीर बहादुर सिंह,सुदामा यादव,दीनेश्वर तिवारी, शँकर सिंह,जय प्रकाश सिंह तथा शम्भू यादव आदि की लगभग दस एकड़ में खड़ी रवि की फसल जलकर राख हो गई। इस दौरान आस पास में मौजूद दर्जनों पेड़ भी झुलस गए।

# नयागांव के एक आइसक्रीम बिक्रेता के हरिद्वार में हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** नयागांव थाना क्षेत्र के गोगल सिंह हाई स्कूल स्थित एक व्यक्ति के हरिद्वार में मौत की सूचना मिलते ही यहां परिवार वालों में कोहराम मच गया। मृतक गोगल सिंह इंटर स्तरीय विद्यालय के सामने वार्ड संख्या एक के गजाधर साह है। इस संबंध में मृतक के पुत्र महावीर साह ने रविवार को बताया कि अचानक उनके मौत की सूचना मिली। आइसक्रीम फैक्ट्री के मालिक ने बताया कि वे ठेला पर लादकर आइसक्रीम बेचने निकले हुए थे कि इसी बीच अचानक हृदयघात से उनकी मौत हो गई। महावीर ने बताया कि उनका शव एंबुलेंस पर लाद कर यहां लाया जा रहा है। इस घटना को लेकर सोनपुर के विधायक डॉ रामानुज प्रसाद, चिकित्सक डॉक्टर चंदन लाल मेहता आदि ने अपनी गहड़ी संवेदना प्रकट की है। वही इस घटना को लेकर परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

# बनियापुर पुलिस ने छापेमारी कर हथियारों के जखीरा के साथ अपराधी को किया गिरफ्तार।

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण)।** थाना को मिली गुप्त सूचना के अधार पर ग्राम पाण्डेयपुर निवासी सोनु कुमार एक अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है जो अवैध हथियारों की खरीद बिक्री करता है। एवं उसके पास भारी मात्रा में अवैध हथियार का जखीरा उपलब्ध है। उक्त सूचना पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए बनियापुर पुलिस टीम द्वारा पाण्डेयपुर स्थित सोनु कुमार, पिता ध्रुव चौधुर, घर पर छापामारी के दौरान उसके घर से एक दोनाली बंदूक, 03 देसी कट्टा, 01 देसी पिस्टल, 124 जिदा कारतूस, 01 चाकू, 01 मोबाईल एवं 01 सूटकेस जब्त कर अभियुक्त सोनु कुमार को गिरफ्तार किया गया है.इस संबंध में बनियापुर थाना में आर्म्स एक्ट दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

# अलग अलग मामले में 5 लोगो को भेजा जेल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने एक अवैध बालू लदे ट्रक को जप्त करते हुए मौके पर चालक को गिरफ्तार कर जेल रविवार को भेज दिया है ।थाना अध्यक्ष ने बताया कि एक अवैध बालू लदे ट्रक एन एच 19 के शिव वचन सिंह चौक के पास से जप्त करते हुए ट्रक चालक वैशाली जिले के पातेपुर थाना के मुन्नीलाल को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है वहीं दूसरी ओर सवलपुर में बेल टूटी मामले में फरार तीन अभियुक्त को सबलपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शराब पीने के आरोप में बाकरपुर नये फोर लाइन के यदुवंशी चौक के पास से एक शराबी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शराबी दरियापुर थाना क्षेत्र के अमरजीत राय है।

# मशरक के राजापट्टी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** छपरा थावे मशरक रेलखंड पर मशरक जंक्शन के आगे गोपालगंज की तरफ राजापट्टी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। मौके पर घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी हैं। घटना के बारे में ग्रामीणो ने बताया कि उक्त युवक टहल रहा था और छपरा से मशरक होकर थावे जाने वाली पैसेंजर ट्रेन कट गया। वैसे कटे युवक की पहचान नहीं हो पाई है। घटना की सूचना रेल प्रशासन थावे को दी गई मामले में रेल प्रशासन के द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है। मौके पर कर्ण कुदरिया पंचायत के उप मुखिया रोहित कुमार गुप्ता ने बताया कि उन्हें ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली उक्त युवक की पहचान की कोशिश की जा रही है।

# राजद प्रत्याशी रोहणी आचार्य ने सोनपुर पहुंच कर रोड शो करते हुए लोगो से मांगी आशीर्वाद

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** लोकसभा चुनाव के राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के सवलपुर चारो पंचायत ,गंगाजल ,नजरमीरा सहित अन्य क्षेत्रों में शनिवार को रोड शो की। रोड शो के दौरान भारी संख्या में लोगों ने फूल माला पहनाकर उन्हें स्वागत किया । रोड शो के दौरान उन्होंने कहीं की यहां की जनता का जो प्रेम और आशीर्वाद मिल रहा है उसका मैं ऋणी रहूँगी । सारण संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए मैं अपने स्तर से प्रयास कर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करूंगी। रोहणी आचार्य ने हाथ जोड़कर आशीर्वाद माँगा । महिलाओं ,पुरुषों ने भी रोहणी आचार्य को जीत दिलाने के लिए भरोसा दिलाया । इस रोड शो के दौरान विस्कोमान अध्यक्ष सुनील सिंह, सोनपुर राजद विधायक डॉ रामानुज प्रसाद,परसा विधायक छोटे लाल राय सहित राजद के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर मशरक में चेक पोस्ट पर वाहनों की जांच

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** लोकसभा चुनाव में शांति बनाएं रखने के लिए पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों ने मशरक तरैया छपरा मुख्य पथ पर मशरक थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप चौंक पर दो पहिया व चार पहिया वाहनों की सघन जांच की। मशरक डीएसपी अमरनाथ के निर्देशन में पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने महाराणा प्रताप चौंक पर चेक पोस्ट से गुजरने वाले सभी वाहनों की तलाशी ली गई। बिना जांच के किसी भी वाहनों को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं थी। जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर जुर्माना लगानें की प्रकिया की गयी। बाजार क्षेत्र में अस्पताल चौक, महावीर चौंक और महाराणा प्रताप चौंक तक अर्धसैनिक बलों का फ्लैग मार्च निकाला गया।

# राज्य स्तरीय बालक अंडर- 13 फुटबॉल यूथ लीग चैम्पियनशिप के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/ मैरवा(सारण)।** बिहार राज्य फुटबॉल संघ के तत्वाधान में रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकैडमी के खेल मैदान में 15 दिवसीय अंडर 13 बालक फुटबॉल यूथ लीग चैंपियनशिप के सफल आयोजन को लेकर रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक एवं आई एम ए सिवान के पदाधिकारीयों के बीच एक बैठक आयोजित कर आयोजन समिति का गठन किया गया। रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक सह संस्थापक संजय पाठक ने बताया कि ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा देश के सभी राज्यों में फीफा के निदेशानुसार ग्रास रूट लेवल से लेकर के सीनियर लेवल तक के खिलाड़ियों के बीच आई लीग कराने का निर्णय लिया गया है उसी आदेश के आलोक में सभी राज्य



संघ आई लीग का आयोजन कर रहे हैं ।बिहार राज्य फूटबाल संघ द्वारा सिवान जिले के मैरवा प्रखंड में स्थित रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकैडमी को बिहार राज्य अंडर 13 फूटबाल लीग की मेजबानी दी गई है ।पाठक ने बताया कि इस आयोजन में बिहार राज्य के 9 फुटबॉल क्लब भाग ले रही है जिसमें सिवान जिला से मेजबान रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी की भी टीम है। यह प्रतियोगिता 14 अप्रैल 2024 से शुरू होकर के 25 अप्रैल 2024 तक आयोजित होंगी ।इस प्रतियोगिता को रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकैडमी मैरवा एवं आई एम ए सिवान एक साथ मिलकर आयोजित कर रहा है। बैठक में आयोजन समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉक्टर जे एन प्रसाद के नाम का प्रस्ताव आई एम ए अध्यक्ष डॉ शशि भूषण सिंह ने किया जिसका समर्थन आई एम ए सचिव डॉक्टर शरद चौधरी ने किया वहीं आयोजन समिति के सचिव के रूप में डॉक्टर शरद चौधरी का नाम डॉक्टर रिता सिंहा द्वारा प्रस्तावित किया गया जिसका समर्थन रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के स्पोर्ट्स इंचार्ज सलमा खातून द्वारा किया गया जबकि कोषाध्यक्ष के रुप में डॉ रामएकबाल प्रसाद गुप्ता का नाम सर्व सम्मति से तय किया गया ।इस आयोजन की सफलता के लिए 25 सदस्य समिति का गठन किया गया है जिसमें डॉक्टर आर शंकर, डॉक्टर विनय पांडेय, डॉक्टर रामजी चौधरी,डॉक्टर संगीता चौधरी ,डॉक्टर रिता सिंहा, डॉक्टर सत्य प्रकाश ,डॉक्टर एम आर रंजन, डॉ आशुतोष कुमार सिंहा,डॉ शंकर सिंह ,डॉ अशोक कुमार वर्मा डॉ राजन कल्याण सिंह, सहित आई एम ए से जुड़े अन्य कई पदाधिकारीयों का नाम इस समिति में शामिल है ।वहीं आयोजन के प्रबंधक के रूप में सलमा खातून का नाम सर्व सम्मति से चयनित किया गया। इस सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति की ओर से मुख्य संरक्षक के रूप में डॉक्टर आर एन ओझा का नाम प्रस्तावित किया गया जिसका समर्थन संजय पाठक द्वारा किया गया। इस लीग की चैम्पियन टिम राष्ट्रीय लीग चैम्पियनशिप में भाग लेगी।आयोजन के सफलता के लिए बिहार राज्य फूटबाल संघ के सचिव इम्तियाज हुसैन,सिवान जिला फूटबाल संघ के अध्यक्ष उमाशंकर प्रसाद,सचिव जावेद असरफ खान पूर्व अध्यक्ष फरीद अहमद,रेफरी धर्मनाथ यादव सहित कई अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी है ।

## पंचदेवरी के कोईसा खुर्द में अचानक लगी आग में 15 फुस की पलानी जली, पांच लाख की संपत्ति जल कर राख

**दैनिक खोज खबर/ पंचदेवरी(गोपालगंज)।** कटेया थाना क्षेत्र के भाठवां खुर्द गांव में रविवार की दोपहर अचानक आग लगने से डेढ़ दर्जन से अधिक फुस की पलानी व कई करकट के घर जलकर राख हो गए। इस अगलगी में लगभग पांच लाख की संपति जल कर राख हो गई । घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की दोपहर करीब 3 बजे टुनटुन गोड़ के घर में अचानक आग लगी । तेज पछुआ हवा होने के कारण आग की लपटे बारी-बारी कई घरों को अपने आगोश में ले लिया । पास में बांस की कोठी में आग पकड़ लिया । जिससे आग का रूप और भयावह हो गया । घटना की सूचना मिलने के बाद बीडीओ राहुल रंजन ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी । आधे घंटे के अंदर दो दमकल की गाड़ी पहुंच गई । लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल की गाड़ी और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका । इस बीच लगभग 15 से अधिक फुस की पलानी जल कर राख हो गई । इस अग्निकांड में लगभग सात आवासीय घर जले । जिसमें रखे अनाज, बर्तन, कपड़ा, करकट लगभग पांच लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई । जिन लोगों के घर जले हैं उनमें रामस्नेही गोड़, टुनटुन गोड़, नगीना गोड़, लक्ष्मण गोड़, सुदामा गोड़, विंध्याचल गोड़, बालचंद गोड़, लालचंद गोड़, तूफानी गोड़, अभिराम गोड़, वीरेंद्र गोड़, जसवंत गोड़, अशोक गोड़, बाहरन गोड़, कंचन गोड़, मनोज गोड़, मुकेश गोड़ शामिल है । घटना के बाद सीआई सत्येंद्र कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की । बीडीओ राहुल रंजन ने बताया कि जांच के बाद पीड़ित परिजनों को नियमानुसार उचित मुआवजा दिया जाएगा

# अपराध की योजना बनाते दो बदमाश गिरफ्तार, दो पिस्टल व नौ गोली बरामद

### मंजय कुमार सिंह कई साल से मवेशियों को कसाई खाना भेजने का करता है कार्य

**परवेज़ अख्तर/सिवान।** एसटीएफ की टीम ने शनिवार को असांव थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव स्थित झरही नदी बांध के समीप अपराध की योजना बनाते दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ टीम ने बदमाशों के पास से तलाशी के दौरान दो पिस्टल व नौ गोली बरामद की। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान पतार निवासी मंजय कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह एवं भूसी टोला निवासी अखिलेश यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि एसआइटी टीम को सूचना मिली कि दो बदमाश शिवपुर गांव के समीप अपराध की योजना बना रहे हैं तभी एसआइटी टीम थाना



के सहयोग से वहां छापेमारी कर दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। जब बदमाशों की तलाशी ली गई तो पतार निवासी मंजय कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह के पास से एक पिस्टल व पांच गोली तथा भूसी टोला निवासी अखिलेश यादव के पास से एक पिस्टल एवं चार गोली बरामद की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि मंजय कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू कई साल से मवेशियों को कसाई खाना भेजने का कार्य करता था और बाहर के बदमाशों के साथ मिलकर आपराधिक घटना को अंजाम देता था। वहीं अखिलेश यादव कुछ बदमाशों के साथ घटना को अंजाम की योजना बना रहा था। दोनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष के अलावा एसआइ मिथलेश कुमार एवं पीएसआइ दिनेश कुमार पांडेय आदि शामिल थे।

### मारपीट का आरोप

**भगवानपुर हाट (सिवान)** थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर निवासी राजू राम की पत्नी श्रीकांति देवी ने रविवार को थाना में आवेदन देकर गांव के ही मुन्ना राम, विनोद राम, मनोज राम, अजय राम सहित आठ लोगों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच कर रही है।

# अलग-अलग हुई अगलगी की घटना में 50 बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख

### अग्निशमन विभाग पर ग्रामीणों ने किया पथराव, जांच में जुटी पुलिस

**परवेज़ अख्तर/सिवान।** जिले के रघुनाथपुर एवं हसनपुरा में रविवार को हुई अगलगी की घटना में करीब 50 बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस दौरान लौकीपुर में आक्रोशित लोगों ने अग्निशमन विभाग की गाड़ी पर पथराव कर दिया। इस दौरान चालक और कर्मी घायल हो गए। इस घटना के बाद गांव में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। समाचार प्रेषण तक अगलगी के कारण का सही पता नहीं चल पाया था।जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के के लौकीपुर गांव स्थित चंवर में तेज पछुआ हवा व धूप के कारण गेहूं की फसल में आग लग गई। जब ग्रामीणों को अगलगी की सूचना मिली तो काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए तथा आग बुझाने में जुट गए। अभी ग्रामीण कुछ समझ पाते तबतक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपट काफी दूर तक फैल गई और खेत में लगी गेहूं की फसल धू-धूकर जलने लगी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन



को दी। सूचना मिलते ही आंदर एवं रघुनाथपुर से अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच ग्रामीणों के प्रयास से आग बुझाने में जुट गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं दूसरी ओर एमएच नगर थाना के सिसवां कला राइस मिल्स के समीप रविवार की दोपहर हुई अगलगी की घटना में करीब तीन बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना के बाद सिसवां कला सहित मिल के सभी मजदूर और भीखपुर, भगवानपुर के ग्रामीण मौके पर पहुंच कर आग बुझाने में जुट गए। आग की भयावहता को देखते हुए ग्रामीणों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। लेकिन काफी इंतजार के बाद भी अग्निशमन विभाग की गाड़ी नहीं पहुंची। इससे लोगों में रोष देखा गया। बाद में ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। इस अगलगी में सिसवां कला निवासी अरविंद सिंह का एक बीघा, सुरेंद्र सिंह के 17 कट्ठा, सुरेंद्र यादव के चार कट्ठा, योगेंद्र यादव के चार कट्ठा, सुरेंद्र सिंह के पांच कट्ठा एवं चंद्रशेखर शर्मा के चार कट्ठा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने के कारण किसी द्वारा बीड़ी-सिगरेट का जलता टुकड़ा फेंकने का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं चांदपुर में शनिवार की शाम हुई अगलगी में तीन बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बाद में ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। इस अगलगी में गुड्डू राय के आठ कट्ठा, काशीनाथ साह के 10 कट्ठा, माला देवी के 10 कट्ठा, रवींद्र सिंह के पांच कट्ठा, सुजीत सिंह के पांच कट्ठा, प्रमोद सिंह के पांच कट्ठा, रंजीत राय के छह कट्ठा, रामेश्वर राय चार कट्ठा तथा गणेश यादव के आठ कट्ठा खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सभी पीड़ितों ने अंचल प्रशासन को आवेदन देकर क्षतिपूर्ति की गुहार लगाई है।

### अग्निशमन के विलंब से पहुंचने व पानी टंकी कम होने का आरोप लगा ग्रामीणों ने किया पथराव

**सिवान।** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के लौकीपुर में अगलगी की घटना की सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ी पूरी तरह आग नहीं बुझा पाई थी। इससे आक्रोशित लोगों ने अग्निशमन विभाग की गाड़ी पर विलंब से पहुंचने तथा इसका पानी टंकी छोटा होने का आरोप लगा वाहन पर पथराव कर दिया। पथराव के कारण अग्निशमन वाहन क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक व कर्मी घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बताया कि अग्निशमन विभाग की गाड़ी दूसरे प्रखंड में आग बुझाने गई थी। इस कारण पहुंचने में थोड़ी विलंब हुई। इस मामले में एसआअ शनि कुमार रजक ने बताया कि इससे गाड़ी को नुकसान होने का आकलन किया जा रहा है। पुलिस घटनास्थल से आई वीडियो से शरारती तत्वों को चिह्नित कर कार्रवाई करेगी।

### मारपीट में तीन घायल

**लकड़ी नबीगंज सिवान (सिवान)** ~थाना क्षेत्र के लछुआ गांव में रविवार को आपसी विवाद में हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से भी घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में कराया गया। घायलों में लछुआ निवासी रंजन कुमार यादव, निकेश कुमार यादव तथा लकड़ी टोले माधोपुर निवासी एकबाल राम के पुत्र राजू राम शामिल हैं।

### अष्टयाम का शुभारंभ

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)** ~प्रखंड के खवासपुर स्थित ब्रह्मस्थान परिसर में रविवार को 24 घंटे का अखंड अष्टयाम आरंभ हुआ। इस मौके पर आचार्य अमित त्रिपाठी द्वारा पूजा आरंभ कराया गया। इस मौके पर हरे राम, हरे कृष्ण जाप से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु वीरेंद्र साह ने बताया कि अष्टयाम का समापन सोमवार को हवन पूजा व भंडारे के साथ किया जाएगा। साथ ही रात्रि में जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### पत्रकार को मातृ शोक

**जीरादेई (सिवान)** ~पत्रकार सह विजयीपुर निवासी कृष्ण कुमार सिंह की मां विद्यावती कुंवर का निधन शनिवार को हो गया। वे 85 वर्ष की थी तथा वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन पर बुद्धिजीवियों ने शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है तथा उन्हें जरूरतमंदों की सहायता करने की प्रवृति, धार्मिक विचारों से ओतप्रोत बताया। शोक व्यक्त करने वालों में गोपालगंज के लोकपाल प्रशांत कुमार, प्रमोद कुमार मल्ल, ललितेश्वर कुमार, डा. जितेश सिंह, मनोज कुमार, हरेंद्र सिंह पटेल, टुनटुन श्रीवास्तव, घनश्याम श्रीवास्तव, मनीष कुमार, प्रमोद शर्मा,राजकुमार पासी आदि शामिल थे।

### दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)** ~थाना क्षेत्र के कौड़ियां निवासी गोपाल सिंह की पुत्री बुचन देवी द्वारा न्यायालय में दायर कोर्ट परिवाद के आधार पर रविवार दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी की गई है। इसमें पति सोनू कुमार सिंह, ससुर ओमप्रकाश सिंह, भसुर मनु सिंह तथा गोतनी निभा देवी पर दहेज प्रताड़ना तथा मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लगाया है।

### ईद व रामनवमी को ले शांति समिति की बैठक

**सिवान।** असांव थाना परिसर में रविवार को एसआइ मिथलेश कुमार की अध्यक्षता में ईद, चैती छठ, रामनवमी एवं आंबेडकर जयंती को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में एसआइ ने कहा कि पर्व के दौरान डीजे व अश्लील गाना बजाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से सहयोग करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि रामनवमी व ईद के दिन प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने की पूर्ण व्यवस्था की गई है। उन्होंने लोगों को अफवाह से बचने तथा आपसी सौहार्द के बीच पर्व त्योहर मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसआइ ने कहा कि यदि कहीं शांति भंग होने की अंदेशा हो तो इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दें, अवश्य कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पवन कुमार यादव, सोनू पांडेय, महासागर सिंह, वकील सिंह, पंकज यादव, प्रहलाद रौनियार, रामेश्वर यादव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सिसवन सरयू नदी में डूबने से पालिटेक्निक के एक छात्र की मौत,दूसरा लापता

**सिवान।** सिसवन थाना क्षेत्र के सिसवन शिवाला घाट के समीप सरयू नदी में रविवार को स्नान करने के दौरान डूबने से पालिटेक्निक कालेज के एक छात्र की मौत हो गई जबकि दूसरा पानी की धार में लापता हो गया। मृतक की पहचान गोरेयाकोठी निवासी देवेंद्र प्रसाद के पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई जबकि लापता छात्र जहानाबाद निवासी अभिषेक कुमार के पुत्र रौशन कुमार बताया जाता है। वह भी इसी कालेज का छात्र है। सूचना प्रेषण तक दूसरे छात्र की खोजबीन जारी थी। बताया जाता है कि रविवार को कालेज बंद होने के कारण कालेज के छात्र सरयू नदी में स्नान करने की योजना बनाए थे। इस दौरान सभी रविवार की सुबह स्नान करने के लिए सिसवन शिवाला घाट के समीप गए थे। स्नान करने के दौरान सुजीत कुमार गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख उसका साथी रौशन कुमार अन्य साथियों के साथ उसे बचाने गया, लेकिन उसे बचा नहीं पाया और पैर फिसलने से वह भी गहरे पानी में चला गया और पानी की तेज धार होने के कारण लापता हो गया। उसके अन्य साथी किसी तरह बचकर नदी के बाहर निकल शोर मचाना शुरू किए। इस दौरान आसपास स्नान कर रहे लोग वहां पहुंचे और लापता छात्र की तलाश करनी शुरू कर दी। किसी व्यक्ति ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर गोताखोरों की सहायता से लापता छात्र की तलाश में जुट गई। पुलिस के अनुसार गोताखोरों के माध्यम से काफी प्रयास से दो घंटे बाद सुजीत कुमार का शव बरामद किया गया। वहीं दूसरे छात्र रौशन कुमार की तलाश की जा रही थी। घटनास्थल पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ देखी गई। बताया जाता है कि मृत सुजीत कुमार सिविल ब्रांच फोर्थ सेमेस्टर का छात्र था तथा रौशन कुमार मैकेनिकल ब्रांच फोर्थ सेमेस्टर का छात्र है। दोनों छात्र कालेज के ही छात्रावास में रहकर पढ़ाई करते थे। इस घटना के बाद छात्रों में शोक व दहशत का माहौल है।

## जयी छपरा में रामकथा का समापन

**सिसवन (सिवान)** ~प्रखंड के जयी छपरा स्थित रामजानकी मंदिर में एक अप्रैल से आयोजित सात दिवसीय रामकथा का समापन रविवार को हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन पूजा व आरती में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। राम कथा ज्ञान महायज्ञ के समापन समारोह के दौरान आचार्य अरविंद कुमार द्विवेदी ने कहा कि प्रभु राम का आचरण हमारे उत्तम विचार में अवश्य विराजमान होनी चाहिए। यही उनकी सबसे बड़ी भक्ति है। भगवान राम ने आदर्श राजा, उत्कृष्ट भाई, श्रेष्ठ पुत्र, महान मित्र की भूमिका एक साथ निभाई तथा एक मानक स्थापित किया। उन्होंने कहा कि प्रभु राम के नाम मात्र से रावण रूपी अत्याचारी का अंत हो जाता है और अंदर के सारे क्लेश पाप और कुविचार समाप्त हो जाते हैं। मन के रावण का अंत करें, स्वत~प्रभु राम की भक्ति मिल जाएगी। अन्याय पर न्याय की जीत के लिए प्रभु श्रीराम ने विकट समुद्र को पार कर यह साबित कर दिया कि अन्याय और अत्याचार का हर समय विरोध करना ही मनुष्य का नैतिक कर्तव्य है। इस मौके पर राष्ट्रीय एथलीट विकास कुमार ने जानकी धाम में भवन निर्माण की बात कही। समापन समारोह में पंडित अरुण पांडेय, बसंत चौबे, देवेंद्र पांडेय, उपेंद्र पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आंबेडकर जयंती समारोह की तैयारी पर चर्चा

**हसनपुरा (सिवान)** ~प्रखंड मुख्यालय स्थित बहुजन एकता मंच की बैठक विजय राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक 28 अप्रैल को डा. भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह मनाने पर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से समारोह को सफल बनाने पर बल दिया गया। इस के लिए सर्वसम्मति से एक कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष त्रिलोकी राम, उपाध्यक्ष विजय कुमार, सचिव सत्येंद्र राम, उप सचिव सौरभ सुमन, कोषाध्यक्ष विजय दास, उप कोषाध्यक्ष भोला राम, मीडिया प्रभारी नंदलाल राम बनाए गए। इसके अलावा दिलीप राम, रामबाबू, शैलेश राम, परमेश्वर कुमार, अमित कुमार, मनीष कुमार, सुजीत कुमार, शिवशंकर राम समेत अन्य लोगों को कार्यकारिणी सदस्य में शामिल किया गया।

## एसडीओ ने सेक्टर पदाधिकारियों को दिए कई निर्देश

**महाराजगंज (सिवान)** ~प्रखंड कार्यालय सभागार में रविवार को एसडीओ अनिल कुमार की अध्यक्षता में सेक्टर पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव से संबंधित कई दिशा निर्देश दिए गए। एसडीओ ने कहा कि जिन- जिन सेक्टर में गड़बड़ी पाई जाएगी संबंधित सेक्टर पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अपने- अपने क्षेत्र में चुनाव आयोग का जो दिशा-निर्देश है उसका पालन हो रहा है कि नहीं इसका विशेष ध्यान दें। साथ ही किसी प्रकार की चुनाव से संबंधित शिकायत मिलती है तो उस पर तुरंत कार्रवाई करें। एसडीओ ने कहा कि मतदान केंद्र पर मतदाताओं को कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान देना है। साथ ही 85 आयु से अधिक के मतदाताओं की सूची तैयार कर कार्यालय को अवगत करा लें। बैठक में बीडीओ डा. रवि रंजन, सीडीपीओ कलावती देवी, सेक्टर पदाधिकारी राकेश कुमार अकेला, सुभाष कुमार सिंह, गुड्डू श्रीवास्तव, डा. रामपति साह आदि उपस्थित थे।

## खात्मे तरावीह के बाद हाफिजों को किया गया सम्मानित

**हुसैनगंज (सिवान)** ~प्रखंड मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद एवं फाजिलपुर स्थित एकरा मस्जिद में शनिवार को 27 वीं रमजान की रात्रि तरावीह की नमाज के बाद हाफिजों को सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार जामा मस्जिद के हाफिज सैयद एहतेशाम एवं एकरा मस्जिद के हाफिज तौसीफ रजा को खात्मे तरावीह के बाद सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि रमजान के महीने की शुरुआत में चांद नजर आते ही संध्या से तरावीह की नमाज पढ़ी जाती है, यह सभी मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा करने जाते हैं। इस नमाज के दौरान रमजान महीने में पूरी कुरआन पढ़ी जाती है जिसे तरावीह कहा जाता है। इसके लिए कुरान का हिफ्ज किए हुए हाफिज व्यक्ति ही तरावीह की नमाज पढ़ाते हैं। प्रतिदिन 20 रकात तरावीह की नमाज पढ़ाई जाती है तथा हर दो रकात नमाज के बाद सलाम फेरा जाता है। इस तरह 27 वीं रमजान को तरावीह मुकम्मल हो जाती है। तरावीह की नमाज में कुरान मुकम्मल होने की खुशी में प्रत्येक साल की तरह इस साल भी मस्जिद में एक कार्यक्रम आयोजित कर तरावीह पढ़ाने वाले हाफिज को सम्मानित किया गया। इस दौरान मस्जिद नमाजियों से भीड़ देखी गई।

तरावीह में पूरी कुरआन पढ़ लेने वालों के चेहरे पर खास चमक थी। तरावीह की नमाज के बाद मौके पर उपस्थित मस्जिद के सचिव इमाम ने हाफिज को फूल माला के साथ सम्मानित किया। साथ ही मस्जिद के इमाम और मोअज्जिन को भी मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने सम्मानित किया। हाफिज ने बताया कि इस बाकी रमजान में सुरह तरावीह की नमाज ही अदा की जाएगी। इस अवसर पर खुर्शीद आलम, फहीम अहमद, साजिद अहमद, एमडी मुस्लिम, मोहम्मद अल्लाउद्दीन एवं शाहिद अली सहित काफी संख्या में रोजेदार उपस्थित थे

## चूल्हे से उड़ी चिंगारी से आधा दर्जन झोपड़ियां जली

**दैनिक खोज खबर/दारौंदा(सिवान)।** थाना क्षेत्र के रुकुंदीपुर टोला धनौता में रविवार को खाना बनाने के क्रम में चूल्हे से उड़ी चिंगारी से करीब आधा दर्जन झोपड़ियां जलकर राख हो गई। इस अगलगी में करीब दो लाख से अधिक की संपत्ति जलने का अनुमान लगाया जा रहा है। पीड़ितों में परीक्षन नट, रोहन नट, दीपक नट, दिपुल नट, मनोज नट और सोहन नट शामिल हैं।बताया जाता है कि पीड़ित परिवार की हिलाएं घर में खाना बना रही थी। इस दौरान परीक्षण नट के घर में अचानक आग लग गई। इस घटना के बाद अफरातफरी मच गई। ग्रामीण अभी कुछ समझ पाते आग विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते रोहन नट, दीपक नट, दिपुल नट, मनोज नट और सोहन नट के घर को भी अपने आगोश में ले लिया। आग की भयावहता को देख घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। कुछ देर के बाद अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाई तब तक पीड़ितों के घर में रखे अनाज, कपड़ा, बर्तन, बाइक, आभूषण समेत घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इस घटना में करीब दो लाख की संपत्ति नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। स्वजनों ने थाना को घटना की सूचना देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस अगलगी के बाद पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हो गया है।